an>

Title: Need to run the Rajdhani Express Train Service between Ranchi and New Delhi on daily basis and also increase the frequency of flight between Ranchi and Delhi/Mumbai.

श्री विÂणु दयाल राम (पलामू) : झारखंड की गिनती आज देश के पिछड़े राज्यों में होती है। इसके अनेक कारण हैं। उनमें से एक कारण यातायात की सुविधा का अभाव भी है। आज देश के अधिकांश राज्यों में सुपरफास्ट ट्रेन तथा राजधानी एक्सप्रेस, शताब्दी एक्सप्रेस आदि चलती हैं। परंतु झारखंड ही एक ऐसा राज्य है जहां से प्रतिदिन राजधानी एक्सप्रेस नहीं है। सप्ताह में 4 दिन ही राजधानी एक्सप्रेस रांची से खुलकर नई दिल्ली आती है वह भी दो विभिन्न मार्गों से होकर।

झारखंड राज्य के चक्रधरपुर डिवीजन एवं धनबाद डिवीजन देश में सबसे अधिक रेलवे को रेवेन्यू देने वाले डिवीजन हैं। अनेकों थर्मल पॉवर स्टेशनों को कोयला की आपूर्ति करने वाला राज्य झारखंड है। बावजूद इसके रांची - नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस सप्ताह में प्रत्येक दिन नहीं है।

यही स्थिति वायुयानों की है। फ्लाइट्स की संख्या इतनी कम है कि कोई भी व्यक्ति सुबह रांची पहुंचकर दिनभर अपने कार्यों को निपटारा कर रात्रि में वापस दिल्ली/मुम्बई नहीं जा सकता है। नतीजा यह है कि एक्स एल आर आई जमशेदपुर जैसे इंस्टीट्यूट से उत्तीर्ण छात्र बड़ी-बड़ी कंपनियों में प्लेसमेंट से वंचित रह जाते हैं।

उपरोक्त परिस्थिति में मेरा सरकार से अनुरोध है कि कम से कम राजधानी एक्सप्रेस को सप्ताह में प्रतिदिन चलाया जाए एवं वायुयानों की संख्या बढ़ाई जाए एवं ऐसी व्यवस्था की जाए कि कोई भी व्यक्ति सुबह जाकर अपने कार्यों का निपटारा कर दिल्ली/मुम्बई रात्रि में वापस हो सके।